NT>

Title: Need to constitute a committee consisting of experts and people's representatives to look into the working of Central Coal Fields Limited.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड की आर्थिक स्थिति जर्जर अवस्था में है। अधिकारियों और कर्मचारियों, संवेदकों का बकाया राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। कम्पनी के उत्पादन में ह्रास हो रहा है। कम्पनी का विपणन विभाग के अकुशलता से कोयले की बिक्री प्रभावित हुआ है। कोयला उत्पादन के गुणवत्ता का नजरअंदाज, ग्राहकों के द्वारा कोयले का मूल्य प्राप्त करने में विवाद उत्पन्न होना। एक ही स्थान पर अधिकारियों और कर्मचारियों का कई वर्षों तक पदस्थापना आदि कई कारण हैं, जो प्रबंधन को अकुशल, अप्रभावी और अव्यवहारिक बना रहा है।

वाशरीज में स्लरी और रिजेक्ट कोल का भारी भंडार पड़ा हुआ है, लेकिन इसकी बिक्री नहीं की जा रही है। स्थानीय खरीद के नाम पर लाखों रुपए का अपव्यय हो रहा है। इन सारी स्थितियों के सम्बन्ध में मैंने समय-समय पर सरकार का ध्यान आकृष्ठ कराया है, लेकिन परिणामतः कम्पनी में स्थिति भयावह होती जा रही है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपर्युक्त मामले की जांच के लिए जनप्रतिनिधियों और कम्पनी के विशेषज्ञों की समिति गठित कर मामले को एक माह के अंदर निष्पादित करने की कृपा की जाए।